रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 139] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 7, 2017/चैत्र 17, 1939
No. 139] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 7, 2017/CHAITRA 17, 1939

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 1 मार्च, 2017

सं. टीएएमपी/63/2016–वीपीटी.— महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48, में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, वीपीटी में 01-03-2011 से 31-03-2016 तक तापीय कोयला की श्रमिकों द्वारा उत्तरायी करने पर समय दर मजदूरी के 234 प्रतिशत की दर से पीस रेट मजदूरी लिए जाने की अभिपुष्टि के लिए विशाखापत्तनम न्यास(वीपीटी) से प्राप्त प्रस्ताव के लिए एततद्वारा इसके साथ संलग्न आदेश अनुसार निपटान करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

मामला सं. टीएएमपी/63/2016-वीपीटी

विशाखापत्तनम पत्तन न्यास ..... **आवेदक**

(i). श्री टी.एस.बालसुब्रमनियन, सदस्य(वित्त)

(ii). श्री रजत सच्चर, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(फरवरी 2017 के 8वें दिन जारी किया गया)

यह मामला, 01-03-2011 से 31-03-2016 तक वीपीटी में वैगनों से तापीय कोयला की श्रमिकों द्वारा उत्तरायी करने पर समय दर मजदूरी के 234 प्रतिशत की दर से पीस रेट मजदूरी लिए जाने की अभिपुष्टि के लिए विशाखापत्तनम न्यास(वीपीटी) से प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 20 सितंबर, 2016 के बारे में है।

2. इस प्राधिकरण के आदेश सं. टीएएमपी/26/2010-वीपीटी दिनांक 18 जनवरी 2011 के अंतर्गत विशाखापत्तनम पत्तन न्यास(वीपीटी)पर कार्गो प्रहस्तन विभाग(सीएचडी) के श्रमिकों की तैनाती के लिए लेवी का अनुमोदन किया गया था।

3.1. समय दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत की दर से लेवी के संबंध में प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आदेश सं. टीएएमपी/26/2010-वीपीटी दिनांक 18 जनवरी 2011 के पैरा नं. 12(**ix**) का उद्धरण प्रस्तुत किया जाता है:

"हमारे द्वारा तैयार की गई संशोधित लागत विवरण में प्रतिबिंबित/प्रदर्शित लागत स्थिति का सार संक्षेप नीचे दिया गया है:

(लाख रुपये)

वर्ष	***समय दर मजदूरी***	***निबल घाटा***	***निबल घाटा समय दर मजदूरी के प्रतिशत रुप में***
2010-11	*1836.99*	*(-)5244.23*	*(-) 285%*
2011-12	*1976.40*	*(-)5004.77*	*(-)253%*
2012-13	*2144.80*	*(-)4945.40*	*(-)231%*
2013-14	*2327.83*	*(-)5063.36*	*(-)218%*
2010-11 (मार्च 2011 से 2013-14 तक) की अवधि के लिए कुल योग	***6602.12***	*(-)15450.55*	*(-) 234% **औसत.***

इस मामले में अनुमोदित लेवी जब तक प्रभावी की जाएगी/लागू की जाएगी तब तक वर्ष 2010-11 समाप्ति पर आ चुका होगा। इसलिए, विशेष लेवी का निर्धारण करने के लिए वर्ष 2010-11 का अनुपातिक घाटा और ग्यारह माह के दौरान अर्थात 01 अप्रैल 2010 से 28 फरवरी 2011 तक पत्तन द्वारा वसूल की गई लेवी आय पर विगत अवधि के भाग के रुप में विचार किया गया है।

उपर्युक्त के आधार पर मार्च 2011 और 2011-12 से 2013-14 तक के वर्षो के लिए रू.15450 लाख के कुल अनुमानित घाटे पर लेवी निर्धारण के लिए विचार किया जाता है । लागत विवरणी के अनुसार रू. 15450 लाख के घाटे की भरपाई करने के लिए लेसवी टाइमरेट वेजेज़ का 234 प्रतिशत है। इस प्रकार सीएचडीके लिए लेवी टाइम रेट वेजेज़ का 234 प्रतिशत प्रदान की गई है।

पत्तन ने स्पष्ट किया है कि तापीय कोयले के वैगन उतारने संबंधी प्रचालनों में लगाए गए कर्मचारियों(श्रमिकों) के मामले में सामान्य लेवी के अतिरिक्त सामान्य लेवी के बराबर एक अलग लेवी प्राप्त की जा रही है जिसे विलय के समय से प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार पीसरेट लेवी कहा जाता है। पीस रेट लेवी के नाम में अलग लेवी प्राप्त करने का पत्तन द्वारा कोई तक और आधार नही बताया गया है । प्रस्ताव में भी पत्तन ने तापी कोयले पर स्पष्ट तौर पर पीआर लेवी प्रस्तावित नहीं की है । सिर्फ इतना ही बताया है कि इसे प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार(और) बिना किसी अन्य व्याक्ष्या के प्राप्त किया जाएगा। लागत विवरणी के अनुसार घाटे को पूराकरने के लिए लेवी टाइम रेट वेजेज का 234 प्रतिशत है जो वैगन उतारने संबंधी प्रचालनों के लिए सीएचडी से श्रमिकों तैनाती प्राप्त करने वाले तापीय कोयले समेत सभी प्रकार के कोयले पर समान रुप से लागू होगा।

टाईम रेट वेज के 234 प्रतिशत पर लेवी श्रमिकों को देय टाइम रेट और पीस रेट की वसूली के अतिरिक्त है जो सीएचडी से श्रमिकों की तैनाती के लिए व्यापार जगत से प्राप्त की जाती है।

3.2. **कथित आदेश में प्राधिकरण द्वारा लागत स्थिति के आधार पर निम्न अनुमोदन किया गया था :**

"**अनुसूची 4.7.4 - कार्गो प्रहस्तन प्रभाग से कार्गो प्रहस्तन कामगारों की सेवाएं लेने के लिए लेवी-**.

4.7.4.1. समय दर मजदूरी पर लेवी

विवरण	**समय दर मजदूरी पर लेवी का प्रतिशत**
कार्गो प्रहस्तन प्रभाग से तापीय कोयला को वैगनों से उतारने सहित सभी प्रकार के कार्गो प्रहस्तन हेतु कामगारों की सेवाएं लेने के लिए ।	234%

नोट:

1. **ऊपर दी गई लेवी श्रमिकों को देय टाइम रेट और पीस रेट की वसूली के अतिरिक्त है जो श्रमिकों को मजदूरी व्यवस्था/प्रोत्साहन स्कीम में दिए गए खंडों के अनुसार देय होती है।**
2. **उपर्युक्त लेवी स्टीवडोर्स द्वारा वीपीटी को देय होती है।**

4.7.4.2. विशेष लेवी

विवरण	**समय दर मजदूरी पर अतिरिक्त विशेष लेवी का प्रतिशत**
कार्गो प्रहस्तन प्रभाग से तापीय कोयला को वैगनों से उतारने सहित सभी प्रकार की कार्गो प्रहस्तन कामगारों की सेवाएं लेने के लिए	31%

नोट:

उपर्युक्त निर्धारित विशेष लेवी ऊपर कार्गो प्रहस्तन के लिए सीएचडी से कामगारों की तैनाती के लिए अनुसूची 4.7.4.1 में निर्धारित लेवी के अतिरिक्त होगी ।

4. उपर्युक्त अनुसूची, तत्पश्चात, इस प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश सं. टीएएमपी/13/2009-वीपीटी दिनांक 18 फरवरी, 2011 के अंतर्गत अनुमोदित वीपीटी के दरमानों के सामान्य संशोधन आदेश में शामिल की गई ।

5. वीपीटी ने प्रशुल्क नीति, 2015 के अंतर्गत दरमानों में संशोधन के लिए हाल ही के सामान्य संशोधन प्रस्ताव में, दरमानों के सामान्य संशोधन के भाग के रूप में सी.एच.डी. के संशोधन को भी शामिल किया है तथा आकलित एआरआर में सी.एच.डी. भी शामिल है । वीपीटी ने समय दर मजदूरी को 234 प्रतिशत से घटा कर 150 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया था। प्राधिकरण ने अपने हाल ही के सामान्य संशोधन आदेश सं. टीएएमपी/9/2016–वीपीटी दिनांक 21 जून, 2016 में, पतन द्वारा प्रस्तावित लेवी को अनुमोदन प्रदान किया है ।

6.1. यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि कथित सामान्य संशोधन आदेश पर कार्रवाई करते समय टीएएनजीईडीसीओ ने कहा था कि वीपीटी वर्तमान में (उस समय) समय-दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत तथा 234 प्रतिशत पीस रेट मजदूरी +31 प्रतिशत विशेष लेवी वसूल कर रहा है । इनका कुल योग 499 प्रतिशत हो जाता है । टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. ने प्राधिकरण से अनुरोध किया था कि वह वीपीटी को, प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित लेवी के सिवाय कोई अन्य लेवी वसूल न करने के निदेश दे । टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. ने इस मामले को 07 अगस्त, 2015 और 16 सितंबर 2015 के पत्र में भी उठाया था जिसके हमारे 18 अगस्त, 2015 और 24 सितंबर, 2015 के पत्रों के अंतर्गत वीपीटी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया था ।

6.2. वीपीटी के सामान्य संशोधन के प्रस्ताव पर कार्रवाई के दौरान, टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. द्वारा उठाए गए मुद्दे के संदर्भ में प्राधिकरण के दिनांक 21 जून, 2016 के आदेश कै पैरा 18 (xvii) (ख) में उल्लेखित है कि :-

"(ख) टीएएनजीईडीसीओ ने उल्लेख किया है कि वीपीटी वर्तमापन में 234 प्रतिशत की दर से कालानुपाती मजदूरी दर और फुटकर मजदूरी दर पर 234 प्रतिशत + 31 प्रतिशत लेवी वसूल रहा है। इस प्रकार यह कुल मिलाकर यह 499 प्रतिशत हो जाती है। टीएएनजीईडीसीओ ने अनुरोध किया है कि प्राधिकरण वीपीटी को निदेश दे कि वह प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किसी अन्य प्रकार की कोई लेवी न ले । यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि टीएएनजीईडीसीओ ने यही मामला अपने 07 अगस्त 2015 और 16 सितंबर 2015 के पत्रों के माध्यम से पहले भी उठाया था जो हमारे 18 अगस्त 2015 और 24 सितंबर के पत्रों के माध्यम से वीपीटी को उचित कार्रवाई के लिए भेज दिए गए थे। अब टीएएनजीईडीसीओ ने वर्तमान प्रस्ताव में मामले को पुन: उठाया है।

पत्तन ने वर्तमान प्रस्ताव में प्राधिकरण से वीपीटी द्वारा लगाई गई 499 प्रतिशत लेवी को नियमित करने का अनुरोध किया है । वीपीटी ने उल्लेख किया है कि यह संयुक्त सुनवाई के दौरान हुई चर्चा के मद्देनज़र किया जा रहा है और सभी पक्ष पिछली लेवी 499 प्रतिशत और भविष्य में लेवी 150 प्रतिशत पर सहमत हो गए हैं। जहां तक वीपीटी के

उपयुक्त मुद्दे का प्रश्न है यह कहना सुसंगत होगा कि संयुक्त सुनवाई के दौरान हुई चर्चा का रिकार्ड (नोट) जब टीएएनजीईडीसीओ ने संयुक्त सुनवाई के दौरान कहा कि वीपीटी सीएचडी के लिए कालानुपाती मजदूरी पर 234 प्रतिशत तथा फुटकर मजदूरी पर 234 प्रतिशत+31 प्रतिशत विशेष लेवी वसूल रहा है तो पत्तन ने 499 प्रतिशत लेवी की जांच करना स्वीकार कर लिया और उत्तर देने पर सहमत हो गया। वीपीटी की लेवी दर को नियमित करने पर पक्षों की सहमति संबंधी कोई तथ्य परक अभिलेख रिकार्ड में दर्ज नहीं है।

यह कहना सुसंगत होगा कि वीपीटी के प्रचलित दरमानों के अनुसार इस प्राधिकरण द्वारा कालानुपाती मजदूरी पर अनुमोदित लेवी 234 प्रतिशत है। इस संबंध में एसओआर में कोई संदेह नही है। कालानुपाती मजदूरी दर के अतिरिक्त फुटकर दरों पर वीपीटी द्वारा 234 प्रतिशत वसूल करना प्रचलित दरमानों में प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित प्रशुल्क के अनुरुप नहीं है। यह स्पष्ट नहीं है कि वीपीटी ने किस प्रशुल्क व्यवस्था के अंतर्गत फुटकर दर पर 234 प्रतिशत अतिरिक्त लेवी के तौर पर वसूल किए हैं। क्योंकि प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कालानुपाती मजदूरी दर पर 234 प्रतिशत की लेवी 18 जनवरी 2011 के आदेश में सीएचडी के लिए प्राप्त की गई लागत स्थिति पर आधारित है इस लिए फुटकर मजदूरी दर पर 234 प्रतिशत की लेवी की वसूली को नियमित करने का अनुरोध कथित आदेश में अनुमोदित लेवी के अनुरुप नहीं है। और ऐसा करना कथित आदेश में अनुमोदित कालानुपाती मजदूरी दर पर 234 प्रतिशत की लेवी को ठठेरने(टिंकरिंग) जैसा होगा। उपर्युक्त स्थिति के अनुसार यह प्राधिकरण वीपीटी द्वारा की गई कार्रवाई की अभिपुष्टि या समर्थन या वीपीटी द्वारा वसूल की गई लेवी को नियमित करने की स्थिति में नहीं है जो वीपीटी के प्रचलित दरमानों में निर्धारित और अनुमोदित सीएचडी लेवी के अनुरुप नहीं हैं। वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ यदि आवश्यक समझे तो टीएएनजीईडीसीओ द्वारा विवादित पिछले मामले पर आपसी सहमति से प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।"

7. प्राधिकरण के 10 अगस्त, 2016 के सामान्य संशोधन आदेश जारी करने के पश्चात टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. ने 03 सितंबर, 2016 को वीपीटी को लिखे एक पत्र (प्रति प्राधिकरण को प्रेषित) में निम्न उल्लेख किए हैं : -

(i). वीपीटी को 7 अगस्त, 2015 और 16 सितंबर, 2015 के पत्रों में, टीएएजीईडीसीओ की ओर से कामगारों द्वारा वेगनों से कोयला उतारे जाने पर समय दर मजदूरी पर पीस रेट मजदूरी : 234 प्रतिशत वसूली बंद करने के बारे में तथा 01.03.2011 से की गई वसूली वापस करने के लिए कहा गया था क्योंकि इसके लिए वे अधिकृत नहीं थे और ऐसा करना प्राधिकरण के अनुरूप नहीं था।

(ii). उपर्युक्त विषय, प्राधिकरण की जानकारी में पत्र सं. सीई/एम/कोल/एसई/सीएच/ई-2/ए-4/एफपीओ 49/डी- 79/2015 दिनांक 17 नवंबर, 2015 को लाया गया था। प्राधिकरण ने अपने पत्र सं. टीएएमपी / 50 / 2015–वीपीटी दिनांक 22 दिसंबर, 2015 को वीपीटी से अनुरोध किया कि वह टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. के उल्लेखों की जांच करें।

(iii). प्राधिकरण ने 10 अगस्त, 2016 की अधिसूचना सं. 320 के द्वारा विशाखापतनम पतन न्यास के दरमानों में सामान्य संशोधन के प्रस्ताव के बारे में युक्तियुक्त –स्पीकिंग आदेश अधिसूचित करके प्रस्ताव का निपटान किया।

(iv). टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. ने कथित आदेश के पैरा 18 (XVII) (ख) का उल्लेख करते हुए पुन: कहा है उसे वीपीटी को 1.3.2011 से भुगतान की गई 234 प्रतिशत पीसी रेट लेवी की वापस लेनी होगी।

(v). मैं साऊथ इंडिया कार्पोरेशन लि. (एसआईसीएल) और वीपीटी से टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. के द्वारा कामगारों द्वारा वैगनो से उतारे गए कोयले के लिए समय दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत पीस रेट मजदूरी को बंद करने तथा 01.03.2011 से वसूल की गई पीस रेट मजदूरी एसआईसीएल (ठेकेदार) को लौटाने का अनुरोध किया गया है क्योंकि ये प्राधिकरण के अनुमोदन के अनुरूप नहीं है।

8. प्रत्युत्तर में, वीपीटी ने 20 सितंबर, 2016 के पत्र द्वारा 01 मार्च, 2011 से 31 मार्च, 2016 तक, कामगारों द्वारा तापीय कोयला उतारे जाने के बारे में समय दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत की दर से पीस रेट मजदूरी लेने को अभिपुष्ट करने का अनुरोध किया है। वीपीटी द्वारा उल्लेखित मुख्य बिंदुओ का सारांश इस प्रकार है : -

(i). वीपीटी ने दरमानों में संशोधन के लिए 30.12.2015 के प्रस्ताव में एक प्रस्ताव दिया है । प्राधिकरण द्वारा 18.03.2016 को सुनवाई करके 21.06.2016 को आदेश पारित करते हुए 22.07.2016 को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया। तापीय कोयला के उत्तरायी कार्यों में सी.एच.डी. द्वारा 234 प्रतिशत पीआर लेवी लेने के संबंध में 18.03.2016 को आयोजित बैठक में पतन द्वारा ऐसी लेवी की वसूली पर जिसमें विस्तृत चर्चा हुई थी, की ओर ध्यान दिलाया जाता है। प्राधिकरण ने पैरा 18 (xvii) (ख) पर उल्लेखित आदेश जारी करते समय उल्लेख किया था कि यदि आवश्यक हो तो वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ दोनों परस्पर सहमति से टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. द्वारा उठाए गए पिछले मुद्दे को सुलझाने संबंधी प्रस्ताव दे सकते हैं।

(ii). इस संबंध में यह उल्लेख करना है कि टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. का पतन के साथ कोई सीधा संबंध नहीं है । तापीय कोयला की उतरायी कार्य साऊथ इंडिया कार्पोरेशन लिमिटिड द्वारा किया जा रहा है जो पोतीय मजदूर की तरह है तथा पतन को सभी प्रभारों का भुगतान कर रहा है और तापीय कोयला प्रहस्तन करने के लिए पतन के साथ सीधे संपर्क रखने वाला केवल एक यही स्टीवडोर्स है। सभी घटकों और 18.03.2016 को आयोजित बैठक में हुई चर्चा पर विचार करते हुए तापीय कोयला पर यह लेवी 499 प्रतिशत से घटा कर 150 प्रतिशत कर दी गई है।

(iii). तथापि, प्राधिकरण द्वारा आदेश में दर्ज स्थिति के परिप्रेक्ष्य में सी.एच.डी. का इतिहास और लेवी लगाने संबंधी परिस्थितियों और आवश्यकताओं का विवरण विचारार्थ प्रस्तुत है :-

(क) सी.एच.डी. को चलाने के लिए आय का एक मात्र स्रोत, नियोक्ताओं से विभिन्न कार्गो पर लेवी वसूल करना है।

(ख) तत्कालीन विशाखापतनम डॉक लेबर बोर्ड (वीडीएलबी) (अब सी.एच.डी.) द्वारा ऐसी लेवी लेने का प्रमुख उद्देश्य कार्गो प्रहस्तन प्रभार तथा कर्मचारियों / कामगारों को प्रदान की गई सुविधाओं व उनके कल्याणकारी कार्यों के लिए प्रशासकीय प्रभार के व्यय को पूरा करना है । सी.एच.डी. केवल ऐसी ही वसूली / करों से संचालित है।

(ग) सी.एच.डी. को संचालित करने की लागत, ऐसे पंजीकृत नियोक्ताओं द्वारा ऐसी लेवी को भुगतान से चुकता होगी । प्रत्येक नियोक्ता, ऐसे व्यय के लिए सी.एच.डी. को, समय समय पर निर्धारित लेवी का भुगतान करना होगा।

(घ) इसके अलावा, पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार तत्कालीन वीडीएलबी अर्थात वर्तमान सी.एच.डी. ने बोर्ड के संकल्प सं. 36/2003 दिनांक 30.07.2003 के अंतर्गत न लाभ न हानि के सिद्धांत पर प्रचालन के लिए मुद्दे को सुलझा लिया है।

(ड) **वी.डी..एल.बी.** के 08.09.2008 और 11.09.2008 को को मंत्रालय के पत्र दिनांक 19.02.2008 के अंतर्गत प्रदत्त पिछले अनुमोदनाधीन औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत निर्णयाधीन 26.09.2008 से वीपीटी में विलयन कर दिया गया जिसे तत्कालीन वीडीएलबी बोर्ड, वीपीटी बोर्ड और पोत परिवहन मंत्रालय ने अपना अनुमोदन प्रदान किया और भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया ।

(च) इस कथित विलयन सहमति में यह माना गया कि सी.एच.डी. स्वत: ही आत्मनिर्भर होगा तथा इसका राजस्व पंजीकृत पोतीय मजदूरों (स्टीवडोर्स) के बिलों से प्रतिपूरित किया जाएगा । जहां तक लेवी लगाने का संबध है यह भी सहमति हुई कि डॉक लेबर बोर्ड दैनिक प्रबंधन और अन्य कल्याणकारी कार्यो के लिए कामगारों को काम के एवज में प्रदत्त दैनिक मजदूरी की वसूली के अतिरिक्त दैनिक मजदूरी दर पर लेवी वसूल कर के की जा रही है इसलिए व्यापारियों से, सम्मेलित किए जाने की तिथि से वीडीएलबी में ताकि कामगारों को दैनिक मजदूरी दर से भुगतान की गई राशि के अतिरिक्त सी.एच.डी. के प्रबंधन की लागत आपूर्ति हेतु कामगारों के लिए प्रचालित लेवी वसूल करने के लिए सहमत हो गये है।

(छ) कथित विलयन व्यवस्थाएं अंतिम रूप से मान ली गईं और कथित विलयन, लेवी एकत्रित करने सहित सावधानीपूर्वक अनुकरणीय हैं।

(ज) उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में लेवी वसूल करने की वर्तमान पद्धति वीडीएलबी के सम्मेलित किए जाने के बाद वीपीटी के साथ यथावत अपनायी गई है। सम्मेलित किए जाने के समय, सामान्य लेवी, तापीय कोयला सहित सभी कार्गो पर ली जा रही है तथा सामान्य लेवी के बराबर दर अनुसार तापीय कोयला की कामगारो द्वारा उत्तरायी पर सामान्य लेवी के अलावा पीस रेट लेवी दर पर वसूल की गई थी ।

(झ) दरमानों के कार्यान्वयन से पूर्व सी.एच.डी. द्वारा लगायी गई लेवी और सी.एच.डी. को हुई हानियों का ब्यौरा नीचे तालिका बद्ध किया गया है।

वित्तीय वर्ष	हानि	सामान्य लेवी %	पीस रेट लेवी %
2005-06	(-) 2,28,44,526	95%	95%
2006-07	(-) 6,04,06,681	95%+20%+5%	95%
2007-08	(-) 12,79,18,831	95%+20%+5%	95%
2008-09 (1.4.2008 to 25.9.2008)	(-) 4,21,16,821	145%+39+5%	145%
2008-09 (26.9.2008 to 31.3.2009)	(-) 4,05,68,167	145%+39+5%	145%
2009-10	(-) 41,74,02,808	145%+39+5%	145%

(ञ) उपर्युक्त से देखा जा सकता हे कि उपयुक्त दरों के अनुसार लेवी लेने पर सी.एच.डी. को हानि होती है । इसके अतिरिक्त विलयन की ओर ध्यान दिलाते हुए यह स्पष्ट तौर पर सहमति हो गई थी कि सी.एच.डी. स्वत: आत्म निर्भर होगी । उसी करार में यह भी सहमति बनी थी कि वीडीएलबी में प्रचलित वसूली की तिथि से ही लेवी एकत्रीकरण जारी रहेगा । क्योंकि सी.एच.डी. को अभी भी हानि हो रही है इसलिए उसी दर पर पीस रेट लेवी जो इससे पूर्व वसूल की जा रही थी, को सी.एच.डी. में होने वाली हानि से बचने के लिए जारी रखी गई है ।

(ट) विलयन किए जाने के पश्चात जब 01.03.2011 से प्रशुल्क संशोधन का प्रस्ताव प्राधिकरण को भेजते समय सी.एच.डी. ने प्राधिकरण को सूचित किया कि मौजूदा पद्धति और सम्मेलन व्यवस्था में सरकारी अनुमोदन तथा सी.एच.डी. की वित्तीय स्थिति व सी.एच.डी. को न लाभ न हानि के आधार पर प्रचालित रखने के लिए लिए सरकार के निर्णय को ध्यान में रखते हुए तापीय कोयला के कामगारो द्वारा प्रहस्तन करने पर पीस रेट लेवी, सामान्य लेवी के अतिरिक्त चालू रखना आवश्यक होगा ।

(ठ) प्राधिकरण ने दिनांक 18.01.2011 को पत्र जारी किया जो 5/3/2011 को सी.एच.डी. के सभी पंजीकृत नियोक्ताओं को परिचालित कर दिया गया।

(ड) यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि 5.3.2011 के सीएचडी के द्वारा परिचालित पत्र के प्रत्युत्तर में मैं. टी.ए.एन.डी.ई.डी.सी.ओ. के एजेंट एसआईसीएल, चेन्नई ने सी.एच.डी. प्रबंधकों को बताया कि सी.एच.डी. तापीय कोयला प्रचालनों पर 234 प्रतिशत पीआर लेवी वसूल रही है परंतु 18.01.2011 के आदेश में केवल 234 प्रतिशत सामान्य लेवी लेने का उल्लेख किया गया है जिसमें तापीय कोयला भी शामिल है । इसलिए 17.03.2011 को वीपीटी द्वारा सभी नियोक्ताओं को एक शुद्धि-पत्र के द्वारा प्राधिकरण के 05.03.2011 के पूर्व पत्र का संदर्भ देते हुए सूचित किया गया कि समय दर मजदूरी मौजूदा पद्धति के अनुरूप सभी प्रचालनो पर (अर्थात् कामगारों द्वारा तापीय कोयला की उत्तरायी पर) बिना किसी अपवाद यथावत् वसूल की जाएगी ।

(ढ) केवल तापीय कोयला पर 234 प्रतिशत सामान्य लेवी तथा 31 प्रतिशत विशेष लेवी प्रभार पर 234 प्रतिशत की आर लेवी लेने के बारे में, परिस्थितियों के विवरण सहित प्राधिकरण को पहले ही सूचित किया जा चुका है।

[ऊपर पैरा 3.1 से देखा जा सकता है कि 18.01.2011 के आदेश के अंतर्गत मामले का निपटान पहले ही किया जा चुका है।

(ण) टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. द्वारा 4.5 वर्ष पश्चात जब यह मुद्दा वर्ष 2015 में पीस रेट लेवी रोकने तथा लौटाने के लिए 16.09.2015 के अनुरोध पत्र में प्रस्तुत किया जो उसे प्राधिकरण ने 24 सितंबर, 2015 को अग्रेषित कर दिया । तत्पश्चात, टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. को वीपीटी के पत्र दिनांक 23 दिसंबर, 2015 द्वारा सूचित किया गया कि उनके अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता, जिसमें कारणों का उल्लेख भी किया गया तथा पत्र की प्रति प्रधिकरण को भी भेजी गई कथित पत्र में टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. को यह भी सूचित किया गया कि उपर्युक्त वास्तविक स्थिति प्राधिकरण की जानकारी में पुन: लाई जाएगी। दरमानों में आगामी संशोधनों में तथा सी.एच.डी. के प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के दौरान तापीय कोयला के कामगारों द्वारा उतारे जानेके लिए दरों को पुन: परिकलित किया जाएगा ताकि वे और स्पर्धात्मक हों।

(iv). मैसर्ज एसआईसीएल और टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. सहित पतन उपयोक्ताओं के प्रतिनिधियों के साथ 18 मार्च, 2016 को वीपीटी में प्राधिकरण द्वारा सामान्य संशोधन प्रस्ताव के बारे में एक बैठक की गई। कथित बैठक में कथित सामान्य लेवी और विशेष लेवी को 01.04.2016 से 265 प्रतिशत से घटा कर 150 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया तथा 01.04.2016 से कामगारों द्वारा प्रभावी तापीय कोयला प्रचालनों पर ली जा रही 234 प्रतिशत लेवी के विवाद को सुलझाया। लेवी को घटाकर 150 करने तथा 234 प्रतिशत पीस रेट लेवी हटाने के परिप्रेक्ष्य में वीपीटी तथा टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. द्वारा परस्पर निर्णय लिया गया कि वीपीटी द्वारा प्राधिकरण से इसके लिए अनुसमर्थन / नियमितिकरण प्राप्त किया जाए।

(v). तत्पश्चात, वीपीटी बोर्ड ने अपने संकल्प सं. 266/2015-16 दिनांक 30 मार्च, 2016 के अंतर्गत सामान्य लेवी और विशेष लेवी को 265 प्रतिशत से घटा कर 01.04.2016 से 150 प्रतिशत करने का तथा भविष्य में तापीय कोयला प्रहस्तनों के लिए 01.04.2016 से ली जाने वाली 234 प्रतिशत की पीस रेट लेवी, को बंद करने का निर्णय लिया जिसे कार्यान्वित कर दिया गया है।

(vi). तत्पश्चात प्राधिकरण द्वारा दिनांक 08.08.2016 को सामान्य दरमानों में संशोधन आदेश जारी किए गए जो 01.04.2016 से प्रभावी है। कथित आदेशों में प्राधिकरण ने यह सुझाव दिया गया कि वीपीटी और टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ., यदि आवश्यक हो तो 234 प्रतिशत पीस रेट लेवी वसूल करने पर टी.ए.एन.जी.ई.डी.सी.ओ. द्वारा विवादित पिछले मुद्दे के निपटान के लिए परस्पर सहमत प्रस्ताव दे सकते हैं।

[वीपीटी का कथन कि संशोधित दरमान 01.04.2016 से प्रभावी कर दिए गये थे, सही नहीं है। संशोधित दरमान भारत के राजपत्र में 22 जुलाई, 2016 को अधिसूचित किए जाने के 30 दिन के पश्चात प्रभावी हुए थे]

(vii). इस संबंध में निम्न तथ्यों को प्राधिकरण के संज्ञान में लाना प्रासंगिक होगा कि समय ददर मजदूरी का 234 प्रतिशत प्राधिकरण ने अनुज्ञेय आकलित व्यय तथा तापीय कोयला के प्रहस्तन और निवेश पर अनुज्ञेय प्रत्यागम सहित सीएचडी के कार्यों से संबद्ध उपरिव्यय पर विचार करते हुए प्राधिकरण द्वारा तय किए गए थे। तदनुसार, प्राधिकरण द्वारा निर्धारित लेवी दर के अनुसार ही वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए परिकलन किया गया था। वार्षिक लेखा परीक्षित खातों के अनुसार जिसमें पीआरलेवी दर 234 प्रतिशत है, वर्ष 2011-12 में सीएचडी में रुपये 10,83,88,946 /- का घाटा दिखाया गया है। सारांश विवरणी में वर्ष 2010-11 के आय और व्यय विवरणी के अनुसार रू. 10,18,60,157/- का घाटा दिखाया गया है।

(viii). इससे संकेत मिलता हे कि कामगारों को समय दर मजदूरी के अलावा अदा किए गए अनुज्ञेय प्रशासनिक व्यय लेवी प्रतिशत निर्धारित करते समय उपयुक्त ढंग से लेखा में नहीं लिए गए। संगठन को न लाभ न हानि की स्थिति में बनाए रखने के लिए तापीय कोयला प्रहस्तन हेतु कामगारों के लिए 234 प्रतिशत की मौजूदा लेवी, वीपीटी द्वारा सामान्य लेवी के अतिरिक्त एकत्रित की गई। इससे वर्ष 2011-12 का घाटा शून्य हो सकता है तथा भावी वर्षों में भी यह प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए ताकि संगठन को न लाभ न हानि के आधार पर चलाये रखा जा सके।

(ix). कोयला प्रचालनों पर पीस रेट लेवी लगाने का मुख्य कारण है कि पीस रेट मजदूरी, तापीय कोयला प्रचालनों के लिए निर्धारित मानकों से इतर सीएचडी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए ली जा रही है। तय मानक था प्रति पारी एक वैगन प्रति गैंग जिसके लिए समय दर मजदूरी और सामान्य लेवी एकत्रित की जा रही है और यदि यह प्रचालन एक वैगन प्रति गैंग से अधिक होता है तो पीस रेट लेवी को कार्यान्वयन में वृद्धि हो सकती है परिणामत: पीस रेट लेवी ली जा रही है। उपर्युक्त पर विचार करते हुए प्राधिकरण को यथा पूर्व सूचित, व्यापारियों को परिपत्र जारी कियाग या था कि लेवी लेने की मौजूदा पद्धति जिसमें तापीय कोयला पर प्रतिशत लेवी भी शामिल है, बिना अपवाद सभी प्रचालनों पर जारी रहेगी ।

(x). इस संबंध में यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि 234 प्रतिशत लेवी जारी रखने के बाद भी सीएचडी को हानि हुई है जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**कुल**
अधिक्य / घाटा	(-) 10,18,60,157	(-) 7,52,23,416	(-) 11,53,59,739	13,54,50,743	13,98,02,908	(17,189,661)
संगृहीत पीआर लेवी @ 234%	11,48,92,803	14,56,89,606	13,75,31,376	19,99,05,559 **	33,78,09,642	935,828,986
पी आर/लेवी न होने से कुल घाटा	(-)21,67,52,960	(-)22,09,13,022	(-)25,28,91,115	(-)6,44,54,816**	(-)19,80,06,734	(-)95,30,18,647

(*वीपीटी ने टीएएनजीईडीसीओ की टिप्पणी पर पीआर लेवी रुपये 19,99,05,559 उल्लेखित की है जो रुपये 11,99,05,559 पर विचार किया गया है जो वीपीटी की टंकण संबंधी त्रुटि है)

(xi). उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 234 प्रतिशत लेवी लेने के पश्चात भी सीएचडी को वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14, में हानि उठानी पड़ी और वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में थेड़ सा लाभ हुआ । यदि वीपीटी द्वारा लेवी न ली गई होती तो वर्ष 2011-12 से वर्ष 2015-16 तक के दौरान रुपये 95.30 करोड़ की हानि उठानी पड़ती जो सीएचडी के गठन के सिद्धांत न लाभ न हानि के विरूद्ध था तथा सरकार द्वारा अधिसूचित समेलन व्यवस्था के प्रतिकूल था ।

(xii). यह परिपत्र मार्च, 2011 में, प्रधिकरण के आदेश पर जारी किया गया था। परिपत्र जारी होते ही मै. एसआईसीएल ने लेवी और केवल 234 प्रतिशत +31 प्रतिशत प्रभार लेने का मुद्दा उठा दिया। उसके परिप्रेक्ष्य में मै. एसआईसीएल तथा व्यापार जगत को यह बताने के लिए 17.03.2011 को एक शुद्धि पत्र जारी किया गया। समय दर मजदूरी पर लेवी, प्राधिकरण द्वारा निर्धारित लेवी के प्रतिशत के अनुसार बिना किसी अपवाद सभी प्रचालनों पर मौजूदा प्रक्रिया अनुसार जारी रहेगी। परिपत्र जारी होने के बाद मै० एसआईसीएल बिना किसी आपत्ति के प्रभार का भुगतान कर रहा हे। वीपीटी ने पुन: कहा है कि मै० टीएएनजीईडीसीओ का पतन से कोई सीधा संबंध नहीं है तथा मैं० एसआईसीएल, मै०टीएएनजीईडीसीओ के कागो्र का प्रहस्तक स्टीवडोर है।

(xiii). यद्यपि वीपीटी द्वारा रेट लेवी ली जा रही है, मै० टीएएनडीईडीसीओ ने ही वर्ष 2015 में अर्थात् 4.5 वर्ष के पश्चात केवल यह मुद्दा उठाया है। मै०एसआईसीएल जो तापीय कोयला के बड़े कागो्र का स्टीवडोर प्रहस्तक है, बिना किसी

स्पर्धा या प्रतिकूलता के प्रभार अदा कर रहा है क्योंकि उसे सीएचडी की कार्य प्रणाली, प्रचालन और प्रशासन की जानकारी है।

(xiv). इसके अलावा, लेवी ने विषय पर व्यापार में किसी ओर से कोई अन्य विरोध या स्पर्धा नहीं है, क्योंकि स्टीवडोर सीएचडी के कर्मचारी है तथा वे सीएचडी के प्रचालनों और प्रशासन के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं। यदि किसी प्रकार की कोई शिकायत होती तो स्टीवडोरों की संस्था ने मामले को स्वयं ही प्राधिकरण के पास दर्ज करा दिया होता।

(xv). यह मानते हुए कि इस बात पर सर्वसहमति है, वीपीटी द्वारा लेवी घटा कर 150 प्रतिशत कर दी गई।

(xvi). सीएचडी के समग्र परिदृश्य गणना/कार्यप्रणाली/प्रचालन तथा लेवी लगाने की आवश्यकता पर विचार करते हुए प्राधिकरण से अनुरोध किया जाता है कि पिछली लेवी का नियमितीकरण कर दिया जाए।

9. इस प्रकार संक्षेप में वीपीटी ने, 01.03.2011 से 31.03.2016 तक वीपीटी द्वारा उगाही गई 234 प्रतिशत लेवी के नियमितीकरण के लिए प्राधिकरण से अनुरोध किया है।

10. निर्धारित परामर्शी प्रक्रियानुसार, संबंधित उपयोक्ताओं / उपयोक्ता संगठनों अर्थात् टीएएनडीईडीसीओ, विशाखापतनम स्टीवडोर्स एसोसिएशन, और मै० एसआईसीएल से अभ्युक्तियां आमंत्रित करते हुए, दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 कोवीपीटी के दिनांक 20 सितंबर 2016के प्रस्ताव की प्रतिअग्रषित करते हुए एक पत्र भेजा गया। टीएएनजीईडीसीओ को छोड़ कर किसी भी उपयोक्ता / उपयोक्ता संगठन से कोई अभ्युक्ति प्राप्त नही हुई है। वीपीटी ने दिनांक 23 दिसंबर, 2016 के पत्र द्वारा टीएएनजीईडीसीओ को संयुक्त सुनवाई के पश्चात प्रत्युत्तर भेजा गया है।

11. इस मामले में 21 अक्टूबर, 2016 को प्राधिकरण कार्यालय, मुंबई में एक संयुक्त सुनवाई आयोजित की गई । वीपीटी द्वारा प्रस्ताव की पॉवर प्वायंट प्रस्तुति दी गई । टीएएनजीईडीसीओ ने भी संयुक्त सुनवाई के दौरान पॉवर प्वांयट प्रस्तुति दी । इस बैठक में, वीपीटी तथा उपयोक्ता / उपयोक्ता संगठनों ने अपनी-अपनी राय व्यक्त की।

12.1. संयुक्त बैठक में टीएएनजीईसीओ ने 20 अक्टूबर, 2016 के अपने पूर्ववर्ती टिप्पणियों की प्रति भी प्रस्तुत की । टिप्पणियां प्रस्तुत करते समय टीएएनजीईडीसीओ ने आगे टिपपणियों के लिए वर्ष 2011-12 से 2015-16 के वर्षों के लिए परिकलन और पुष्टि हेतु प्रलेख सहित तुलन पत्र की प्रति भी भेजी है।

12.2. वीपीटी को हमारे 03 नवंबर, 2016 के पत्र द्वारा अपेक्षित दस्तावेज आय और व्यय विवरणी तथा सीएचडी का तुलन पत्र, वर्ष 2011-12 से 2015-16 से संबंधित पुष्टि हेतु प्रलेख और परिकलन ब्यौरे सहित सीधे टीएएनजीईडीसीओ तथा प्रति इस प्राधिकरण को तुरंत प्रेषित करने का अनुरोध किया गया । टीएएनजीईडीसीओ को भी इन पर आगे अपनी अभ्युक्तियां, यदि कोई हो, वीपीटी तथा इस प्राधिकरण को, अपेक्षित दस्तावेज वीपीटी से प्राप्त होने के तुरंत पश्चात, भेजने का अनुरोध किया गया । वीपीटी को टीएएनजीईडीसीओ से प्राप्त अभ्युक्तियों पर अपनी अभ्युक्तियां देने का अनुरोध किया गया।

12.3. इसके पश्चात 23 नवंबर, 2016 और 21 दिसंबर, 2016 को स्मरण पत्र भेजे गए। वीपीटी ने 23 दिसंबर 2016 के पत्र के अंतर्गत टीएएनजीईडीसीओ की टिपपणियों पर अपनी टिप्पणी देते समय वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक की टिप्पणियां प्रस्तुत करते समय टीएनजीईडीसीओ को तुलन पत्र भी प्रस्तुत किए हैं और उसकी एक प्रति प्राधिकरण को भी दी है। टीएएनजीईडीसीओ ने वर्ष 2011-12 से 2015-16 के लिए वीपीटी द्वारा टीएएनजीईडीसीओ को प्रेषित तुलन पत्र और अपेक्षित टिप्पणियां प्रस्तुत नहीं की है।

13. वीपीटी ने 20 जनवरी, 2017 के फैक्स पत्र के द्वारा पुन: वर्ष 2010-11 से 2015-16 तक सीएचडी के तुलन पत्र, सीएचडी के आय-व्यय विवरणी सहित, एक प्रति प्रस्तुत की है।

14. इस मामले में परामर्शी कार्यवाही का रिकार्ड प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध है। प्राप्त अभ्युक्तियों और संबंधित पक्षों द्वारा की गई चर्चा के उद्धरण पृथक रूप से सभी संबंधित पक्षों को भेज दिए जाएंगे। ये विवरण हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध है।

15. मामले पर कार्रवाई के दौरान एकत्रित समग्र सूचना/ जानकारी के संदर्भ में निम्न स्थिति बनती है।

(i). विशाखापत्तनम पत्तन न्यास (वीपीटी) के प्रस्ताव का वीपीटी द्वारा 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 तक तापीय कोयला के कामगारों द्वारा ढुलाई के लिए वसूल की गई 234 प्रतिशत समय दर मजदूरी की 234 प्रतिशत पर पीस रेट मजदूरी की अभिपुष्टि की जानी है।

(ii). वीपीटी का यह प्रस्ताव जून 2016 में वीपीटी के दरमानों में सामान्य संशोधन टीएएनजीईडीसीओ द्वारा संदर्भित मामले पर कार्रवाई से सृजित है। प्रशुल्क नीति 2015 के अंतर्गत वीपीटी द्वारा प्रस्तुत सामान्य संशोधन प्रस्ताव पर कार्रवाई करते समय टीएएनजीईडीसीओ ने समय दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत पीस रेट मजदूरी वसूल करने का उल्लेख किया है जिसे प्राधिकरण का अनुमोदन प्राप्त नहीं है । टीएएनजीईडीसीओ ने प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि पीसरेट मजदूरी वसूल न करने के वीपीटी को निर्देश दिए जाएं। इस विषय में पैरा 18(xvii) (ख) आदेश सं. टीएएमपी/9/2016 वीपीटी दिनांक 21 जून में विस्तार पूर्वक कहा गया है। कथित आदेश में यह प्राधिकरण ने उल्लेख किया था कि प्राधिकरण वीपीटी द्वारा की गई कार्रवाई और वीपीटी द्वारा एकत्रित लेवी को नियमित करने की स्थिति में नहीं होगा जो अनुमोदित सीएचडी लेवी और वीपीटी के मौजूदा दरमानों में तत्कालीन निर्धारित लेवी के अनुरुप नहीं है। यदि वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ आवश्यक समझें तो टीएएनजीईडीसीओ द्वारा पिछले विवादित मामले के निपटान हेतु परस्पर सहमति से एक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में वीपीटी ने वर्तमान प्रस्ताव पस्तुत किया है

(iii). (क) वीपीटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विश्लेषणात्मक कार्रवाई करने से पूर्व प्राधिकरण द्वारा कार्गो प्रहस्तन प्रभाग (सीएचडी) के लिए अनुमोदित लेवी का प्रारुप का संक्षिप्त उल्लेख करना प्रासंगिक होगा। वीपीटी ने सर्वप्रथम वर्ष 2008 में तत्कालीन विशाखापत्तनम डॉक हॉरबर बोर्ड (वीएलडीबी) के विलयन के पश्चात वर्ष 2010 में सवीएचडी के लिए दर निर्धारण हेतु प्राधिकरण से अनुरोध किया। तत्पश्चात प्राधिकरण ने आदेश सं. टीएएमपी/26/2010-वीपीटी दिनांक 18 जनवरी 2011 में वीपीटी पर सीएचडी से श्रमिकों के लिए सीएचडी लेवी के लिए प्रारंभिक प्रशुल्क का अनुमोदन किया। ऊपर पैरा 3.1 में किए गए उल्लेखानुसार प्राधिकारण ने वर्ष 2010-11 से 2013-14 के लिए सीएचडी की लागत विवरणी में दर्शाए गए घाटे के कुल आकलन के आधार पर तापीय कोयला सहित सभी कार्गो हेतु सीएचडी की सेवाएं लेने के लिए समय दर मजदूरी पर 234 प्रतिशत सीएचडी लेवी का अनुमोदन किया गया था। दरमानों की अनुसूची 4.7.4.1 के नीचे नोट में उल्लेख किया गया था कि अनुसूची में दी गई सीएचडी लेवी अर्थात समय दर मजदूरी का 234 प्रतिशत समय दर मजदूरी की और कामगारों को प्रचलित मजदूरी प्रबंधन/प्रोत्साहन स्कीम के खंडों के अनुसार देय पीस रेट मजदूरी की वसूली के अतिरिक्त है।

(ख) सीएचडी के निर्धारणके लिए वीपीटी के प्रस्ताव पर कार्रवाई के दौरान परिणामत: आदेश दिनांक 18 जनवरी 2011 के पैरा 12 (ix) के अनुसार जो ऊपर पैरा 3.1 पर उल्लेखित है पत्तन ने उल्लेख कियाहै कि तापीय कोयला की उत्तरायी प्रचालन कार्य में तैनात कर्मियों के मामलों में सामान्य लेवी के अतिरिक्त मान्य लेवी के समान ही पृथक लेवीली जा रही है जिसे विलयन किए जाने के समय से प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार पीस रेट लेवी कहते हैं , वसूल की जा रही है। यद्यपि इसे पीआर लेवी कहते हैं तथापि यह समय दर मजदूरी के प्रतिशत के हिसाब से है। पीआरलेवी के नाम से यह विशेष लेवी लेने का आधार और तर्क उस समय पत्तन द्वारा नहीं बताए गए । पत्तन ने उस समय भी तापीय कोयला पर पीआर लेवी के लिए स्पष्ट तौर पर प्रस्ताव नहीं किया था सिवाय यह कहने के कि यह बिना किसी स्पष्टीकरण के मौजूदा प्रक्रिया अनुसार ही एकत्रित किया जाएगा। जागत विवरणी के अनुसार, सीएचडी में घाटे को पूरा करने के लिए यह समय दर मजदूरी का 234 प्रतिशत परिकलित की गई जिसे प्राधिकरण ने वैगन से कोयला उतारने के मामलों सहित सभी प्रचालनों के लिए सीएचडी से कामगारों की सुविधा प्राप्त करने के लिए एक समान रूप से निर्धारित की गई।

यह स्थिति स्पष्ट है तथा आदेश में कोई संदिग्धता नहीं है। वीपीटी की ओर से कथित आदेश की समीक्षा की उस समय कोई उपयुक्तता नहीं थी ।

(iv). (क) प्रशुल्क आदेश दिनांक 2011 में स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद पत्तन द्वारा तापीय कोयला उतारने के लिए 234 प्रतिशत की दर से पीआर लेवी ली गई है। पीआर लेवी का वीपीटी द्वारा वसूल किया जाना प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नहीं है। जब मै0 साऊथ इंडिया कार्पोरेशन लि. (एसआईसीएल) ने इसकी जानकारी पत्तनको दी तो वीपीटी द्वारा दिनांक 23 मार्च 2011 को व्यापारजगत को सूचित करते हुए पूर्व परिपत्र के संदर्भ में एक शुद्धि-पत्र जारीकिया गया कि तापीय कोयला की उत्तरायी पर समय दर मजदूरी के 234 प्रतिशत की दर से पूर्ववत् पी आर लेवी वसूल की जाती रहेगी ।

(ख) केवल इस मामले पर कार्रवाई के दौरान ही पीपीटी ने तापीय कोयला प्रचालन कार्यों पर पीआर लेवी वसूल करने का आधार बताया है। विशाखापत्तनम डॉक लेबर बोर्ड(वीडीएलबी) (वर्तमान सीएचडी) वीपीटी के साथ मिलकर तब प्रचलित पद्धति के अनुसार प्रशासनिक व्यय/पेंशन/ग्रेच्युटि दायित्व, प्रबंध और काल्याणकारी गतिविधयों के लिए सीएचडी के नियोक्ता से वसूल करने पर सहमत हो गये थे। करार व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक नियोक्ता,सीएचडी के समग्र व्यय को पूरा करने के लिए समय समय पर निर्धारित लेवी सीएचडी को अदा करनी होगी । इस प्रयोजन के लिाए स्टीवडोर्स, सीएचडी के नियोक्ता हे तथा वे सीएचडी प्रचालन और प्रशासन के बारे में भली-भांति जानते हैं । इस प्रकार संक्षेप में करार व्यवस्था के अनुसार स्टीवडोर्स को ही लेवी अदा करके सभी व्यय पूरे करने हैं। तदनूसार, वीपीटी ने प्रचलित प्रणाली के अनुसार सीएचडी के लिए सामान्यलेवी के साथ 234 प्रतिशत लेवी जनवरी 2011 के बाद समय दर मजदूरी के समान पीआर लेवी लेना जारी रखा। टीएएनजीईडीसीओ ने यह मुद्दा वर्ष 2015 में 4.1/2 वर्ष पश्चात उठाया है।

(ग) यह पीस रेट,तापीय कोयला की उतरायीकाग्र के लिए निर्धारित मानकों से अधिक कार्य हेतु सीएचडी द्वारा लगाए गए श्रमिकों द्वारा किए गए कार्य के लिए एकत्र की जाती है। तापीय कोयला की उत्तरायी काग्र के लिए निर्धारित मानक एक वैगन प्रति शिफट प्रति गैंग है। इसके लिए ही समय दर मजदूरी तथा सामान्य लेवी वसूली जाती है। प्रचालन एक वैगन से अधिक हो जाने तथा दूसरी पारी तक चलने की स्थिति में दूसरा गैंग लगाया जाता है। ऐसा करने पर समय दर मजदूरी तथ सामान्यलेवी साथ साथ लिए जाते हैं । क्योंकि ऐसा करने से व्यापार कार्य पर बोझबढ़ता है इस लिए पत्तन ने दूसरे वैगन के लिए दूसरा गैंग तैनात न करने तथा उसी गैंग से दूसरी वैगन के कार्य को पीस रेट लेवी से संचालित करने की अनुमति दे दी थी। पत्तन ने परिणामत: डीएलवी को समय दर मजदूरी और उस पर लेवी की अपेक्षा दूरी पारी में दूसरी वैगन के लिए दूसरा गैंग लगाने के कारण दूसरे वैगन पर केवल पीआर लेवी ही देनी होती थी। इस संदर्भ में वीपीटी ने कथित तौर पर तापीय कोयला उत्तरायी कार्यों के लिए पीआर लेवी ही वसूल की है।

(घ) पत्तन द्वारा प्रस्तुत पीआर लेवी का आधार जनवरी 2011 के प्रस्ताव में कार्रवाई के दौरान वीपीटी द्वारा स्पस्ट नहीं किया गया था और न ही पीआर लेवी के लिए इस प्राधिकारण का अनुमोदन लेने के लिए सीएचडी हेतु लेवी के निर्धारण के लिए । पत्तन को ज्ञात है कि संविधिक नियमानुसार पत्तन सेवा प्रदायगियों के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित/अधिसूचित दरों के अनुसार ही प्रशुल्क ले सकता है। तथापि, पत्तन ने प्राधिकरण अनुमोदन के बिना ही वर्ष 2011 से 2016 तक पीस रेट मजदूरी संग्रहीत की है और 'जो हो गया, सो होगया' जैसी स्थिति, प्राधिकरण के सामने पेश की है जिसे प्राधिकरण के समक्ष 1-3-2011 से 31-3-2016 तक की अवधि के लिए पत्तन द्वारा संगृहीत कार्रवाई की अभिपुष्टि के लिए प्रस्तुत किया है।

(v). जून 2016 के आदेश में प्राधिकरण ने वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ को,परस्पर सहमत प्रस्ताव टीएएनजीईडीसीओ द्वारा विवादित पिछले विवाद के निपटान के संबंध में पेश करना था। तथापि देखा गया है कि वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ के दोनों के प्रस्ताव में भिन्न-भिन्न् मत प्रकट किए गए हैं। टीएएनजीईडीसीओ ने पीपीटी द्वारा 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 तक प्राधिकरण के अनुमोदन के बिना ही पीस रेट लेवी लेने को वापस करने का अनुरोध किया है। वीपीटी ने 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 तक एकत्रित पीस रेट लेवी को नियमित/अभिपुष्ट करने का अनुरोध किया है। वीपीटी ने पुष्टि की है कि 01 अप्रैल 2016 से तापीय कोयला उत्तरायी पर पीस रेट लेवी लेना बंद कर दिया गया है।

(vi). क्योंकि टीएएनजीईडीसीओ द्वारा विवादित मामले को सुलझाने के लिए लिए वीपीटी और टीएएनजीईडीसीओ ने अपने वर्तमान प्रस्ताव में परस्पर सहमत प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है, प्राधिकरण के समक्ष इस प्रस्ताव पर काई निर्णय लिया जाना शेष है। 18 जनवरी 2011 के आदेश में सीएचडी के लिए विचारित लागत विवरण आकलन वर्ष 2010-11 से 2013-14 से संबंधित है। पत्तन ने अब वर्ष 2011 -12 से 2015-16 तक की सीएचडी की वित्तीय स्थिति का सारांश पेश किया है। क्योंकि वर्ष 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 तक की अवधि के लिए पत्तन द्वारा संगृहीत पीस लेवी पर पत्तन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव की गई कार्रवाई की अभिपुष्टि के लिए है और इसे यह मानते हुए कि वीपीटी द्वारा उल्लेखित करार तिथि के अनुसार लेवी द्वारा ही सीएचडी के समस्त व्यय स्टीडोर्स को ही पूरा करने हैं, यह प्राधिकरण पत्तन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2011-12 से 2015-16 की सीएचडी की वित्तीय स्थिति जैसा कि वीपीटी द्वारा प्रस्तुत सारांश में दी गई है तथा केवल प्रशुल्क निर्धारण में अन-अनुमत्त ब्याज से आय को शामिल न करने के संदर्भ में आशोधित प्रस्ताव के निपटान के विषय में निर्णय लेता है । आशोधित सारांश विवरणी **अनुलग्नक** के रुप में संलग्न है।

अनुलग्नक के तौर पर वीपीटी द्वारा प्रस्तुत सारांश विवरणी से स्पष्ट है कि वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक का कुल निबल घाटा लेखा परीक्षित आय और व्यय विवरणी के अनुसार रू.1.719 करोड़ है । इस घाटे में संबंधित वर्षों के लिए वीपीटी द्वारा उल्लेखित समय दर मजदूरी के 234 प्रतिशत की दर से पीआर लेवी के वसूले गए रू. 93.58 करोड़ भी शामिल हैं। वीपीटी ने उल्लेख किया है कि यदि वीपीटी ने कथित पीआर लेवी न ली होती तो सारांश स्थिति में समस्त निबल घाटा रू. 95.30 करोड़ होता । वीपीटी द्वारा प्रस्तुत सारांश में इस सीमा तक आशोधन किया गया है कि वीपीटी द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षित आय और व्यय विवरणी में कथित व्याज से आय को शामिल नही किया गया है। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि उपर्युक्त निबल घाटा 16 प्रतिशत आरओसीई पर विचार किए बिना परिकलित है।

(vii). सीएचडी वास्तविक सिथति पर विचार किए बिना वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक की अवधि के लिए यह घाटा रू.102.57 करोड़ होता यदि वीपीटी ने पीस रेट लेवी न वसूल की होती। 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 तक तापीय कोयला के उत्तरायी कार्य के लिए समय दर मजदूरी का 234 प्रतिशत पीस रेट मजदूरी के तौर पर वसूल करने की वीपीटी की कार्रवाई अभिपुष्टि के योग्य है। वीपीटी को प्राधिकरण के अनुमोदन के बिना कोई भी प्रशुल्क न वसूलने का परामर्श दिया जाता है तथा 'जो हो गया सो हो गया' की स्थिति पत्तन की कार्रवाई की अभिपुष्टि करने के लिए प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने का परामर्श दिया जाता है।

कामगारों के लगाए जाने के पैमाने के कार्यान्वयन पर टीएएनजीईडीसीओ द्वारा उठाए गए मुद्दे पर वीपीटी ने पुष्टि की है कि यह पैमाना वर्ष 2010 में कार्यपरक दक्षता बढ़ाने तथा प्रतिटन लागत घटाने और पड़ोसी पत्तनों से स्पर्धा के मद्देनज़र लागू किया गया था। पत्तन की, सीएचडी में स्वैछिक सेवा निवृत्ति योजना शुरु करने, कामगारों को अन्य विभागों में स्थानांतरित करने और कुछ प्रचालनों का मशीनीकरण करने की योजना है जिससे समग्र रुप से कार्य निष्पादन भी बढ़ेगा और प्रतिटन लागत में कमी आएगी।

(viii). टीएएनजीईडीसीओ ने उल्लेख किया है कि वर्ष 2011 से 2016 तक उसने टीएएनजीईडीसीओ को समय दर मजदूरी (रू.461.76 करोड़) पर रू. 1267.49 करोड़ , समय दर मजदूरी और विशेष लेवी के रू.61.17 करोड़ पर रू.461.76 करोड़ समय दर मजदूरी का भुगतान किया है । टीएएनजीईडीसीओ द्वारा किए गए विवरण में यह कुल रू.1267.49 की अपेक्षा रू. 984.89 करोड़ बनता है। यह टीएएनजीईडीसीओ तथा एसआईसीएल के मध्य है ।

16. अन्तत: और उपर्युक्त करणोसे तथा समग्र सोच विचार के पश्चात यह प्राधिकरण 01 मार्च 2011 से 31 मार्च 2016 की पिछली अवधि के दौरान तापीय कोयला की उत्तरायी संबंधी प्रचालन कार्यों के लिए वीपीटी द्वारा एकत्रित पीआर लेवी के नियमितीकरण के लिए वीपीटी के इस प्रस्ताव का अनुमोदन करता है।

टी.एस.बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन-III/4/असा./03/17]

अनुलग्नक

वीपीटी द्वारा यथा प्रस्तुत और प्राधिकरण द्वारा अशोधित वीपीटी के कार्गो प्रहस्तन प्रभाग में निबल घाटा का सारांश

राशि रुपयों में

क्रम सं.	विवरण	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	कुल
(i).	वार्षिक खातों के अनुसार अधिक्य/ (घाटा)	(10,18,60,157)	(7,52,23,416)	(11,53,59,739)	13,54,50,743	13,98,02,908	(1,71,89,661)
(ii).	वीपीटी के प्रस्तावानुसार 234 प्रतिशत पीस रेट लेवी लगाने से प्राप्त आय	11,48,92,803	14,56,89,606	13,75,31,376	19,99,05,559	33,78,09,642	93,58,28,986
(iii).	निबल अधिक्य/ (घाटा)यदि वीपीटी द्वारा एकत्रित 234 प्रतिशत पीस रेट लेवी को निबल अधिक्य/(घाटा) स्थिति (i) (ii) में सम्मिलित नहीं किया जाता है य जैसा कि वीपीटी ने प्रस्तुत किया है।	(21,67,52,960)	(22,09,13,022)	(25,28,91,115)	(6,44,54,816)	(19,80,06,734)	(95,30,18,647)
(iv).	घटाएं: अनअनुमत्त (प्राधिकरण द्वारा) ब्याज से आय	12915123	11237317	14759668	15090251	18733687	72736046
(v).	निबल अधिक्य/ (घाटा)यदि वीपीटी द्वारा एकत्रित 234 प्रतिशत पीस रेट लेवी को निबल अधिक्य/(घाटा) स्थिति (i) (ii) में सम्मिलित नहीं किया जाता है : जैसा कि वीपीटी ने प्रस्तुत तथा प्राधिकरण ने आशोधित किया है।	-229668083	-232150339	-267650783	-79545067	-216740421	-1025754693

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 1st March, 2017

No. TAMP/63/2016-VPT.— In exercise of the powers conferred by Section 48 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Tariff Authority for Major Ports hereby disposes of the proposal received from Visakhapatnam Port Trust (VPT) for ratification of collection of Piece Rate Levy @ 234% of time rate wages on manual unloading of thermal coal from wagons from 01.03.2011 to 31.03.2016 by VPT as in the Order appended hereto.

Tariff Authority for Major Ports

Case No. TAMP/63/2016-VPT

Visakhapatnam Port Trust **- - -** **Applicant**

QUORUM

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)
(ii). Shri. Rajat Sachar, Member (Economic)

O R D E R

(Passed on this 8th day of February, 2017)

This case relates to the proposal dated 20 September 2016 received from Visakhapatnam Port Trust (VPT) for ratification of collection of Piece Rate Levy @ 234% of time rate wages on manual unloading of thermal coal from wagons from 01.03.2011 to 31.03.2016 by VPT.

2. This Authority earlier vide Order no.TAMP/26/2010-VPT dated 18 January 2011 had approved Levy for deployment of Labour for Cargo Handling Division (CHD) at Visakhapatnam Port Trust (VPT).

3.1. The relevant extract from the paragraph no.12(ix) of Order no.TAMP/26/2010-VPT dated 18 January 2011 with regard to levy of 234% on Time Rate Wages approved by this Authority is reproduced below:

"Summary of the cost position reflected in the revised cost statement prepared by us is given below:

(***Rs. in lakhs***)

Year	***Time Rate Wages***	***Net deficit***	***Net deficit as % of time rate wages***
2010-11	*1836.99*	*(-)5244.23*	*(-) 285%*
2011-12	*1976.40*	*(-)5004.77*	*(-)253%*
2012-13	*2144.80*	*(-)4945.40*	*(-)231%*
2013-14	*2327.83*	*(-)5063.36*	*(-)218%*
Total for the period 2010-11 (from March 2011 till 2013-14)	***6602.12***	*(-)15450.55*	*(-) 234% Avg.*

The year 2010-11 will almost come to an end by the time the levy approved in this case is made effective. Hence, the proportionate deficit for the year 2010-11 and the levy income collected by the port for eleven months i.e. from 1 April, 2010 to 28 February 2011 is considered as part of the past period for determining the special levy.

Based on the above, the total deficit for March 2011 and the years 2011-12 to 2013-14 estimated at Rs.15450 lakhs are considered for determining the levy. As per the cost statement, the levy to bridge the deficit of Rs.15450 lakhs is 234% of the time rate wages. Thus, the levy for the CHD is prescribed at 234% of the time rate wages.

